## संपादकीय

# चंदा और ग्रहण

वैसे तो यह विडंबना ही है फोर्ब्स की सूची में सौ ताकतवर महिलाओं में शामिल और गौरवशाली पद्मभूषण सम्मान पाने वाली चंदा कोचर की ऐसी अपमानजनक विदाई हुई। मगर फिर भी, चाहे यह पारिवारिक दबाव या मोह में किया गया हो, लेकिन कृत्य ने बैंकिंग व्यवस्था के भरोसे को तोड़ा है। उस मिथक को भी तोड़ा है कि महिला अधिकारी कदाचार के मामलों से दूर रहती हैं। बहरहाल, आईसीआईसीआई बैंक के प्रबंधन ने न्यायमूर्ति बी एन श्रीकृष्ण समिति की रिपोर्ट के आधार पर माना है कि बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर बैंक की आचार संहिता तथा हितों के टकराव के बनाये गये प्रारूप के उल्लंघन की दोषी हैं। अब कोचर की लंबी छुट्टी को बर्खास्तगी के तौर पर देखा जायेगा। यही नहीं उन पर आर्थिक दंड लगाते हुए वर्ष 2009 से 2018 की अवधि में दिये गये बोनस को वापस लिया जायेगा। साथ ही शेयर विकल्प व अन्य लाभों से भी वंचित रहेंगी। दरअसल, वीडियोकॉन मामले में कोचर के पति समेत करीबी रिश्तेदार भी शामिल थे। इसके साथ ही उनके कारोबारी हित भी थे। मामले में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी और कोचर के प्रतिष्ठानों पर छापे मारे थे।

दरअसल, उम्मीद नहीं थी कि बैंकिंग सेक्टर में पुरुष वर्चस्व को तोड़ने वाली चंदा कोचर के चमकदार बैंकिंग सफर पर इस तरह ग्रहण लग जायेगा। दरअसल, यह मामला सबसे पहले एक व्हिसल ब्लोअर अरविंद गुप्ता की शिकायत पर उजागर हुआ, जो वीडियोकॉन समूह में एक निवेशक थे। लेकिन उनकी शिकायत पर न बैंक ने ध्यान दिया और न ही नियामक संस्थाओं ने। एक समाचारपत्र द्वारा मुद्दा उठाने के बाद मामला सामने आया। इस मामले में वीडियोकॉन को 3250 करोड़ का लोन मिला, जिससे कोचर के परिजन अप्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित हुए। इस लोन का बड़ा हिस्सा वापस नहीं किया गया। कालांतर 2017 में आईसीआईसीआई बैंक ने वीडियोकॉन के खाते को एनपीए घोषित कर दिया। बाद में सीबीआई ने चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर व वीडियोकॉन ग्रुप के एम डी वेणुगोपाल धूत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। अक्तूबर 2018 में चंदा कोचर ने इस्तीफा दिया था और वे लंबी छुट्टी पर चली गई थी। उनका कार्यकाल मार्च 2019 में पूरा होना था। जांच आयोग ने माना है कि कोचर के मामले में हितों का टकराव हुआ और बैंक के कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन भी हुआ है। बैंक ने उन्हें लंबी छुट्टी में जाने के बावजूद नौकरी से निकाला हुआ माना है। निःसंदेह यह कार्रवाई उन शीर्ष बैंक अधिकारियों के लिये नजीर बनेगी जो उद्योगपतियों से सांठगांठ करके उनके ऋण को एनपीए दिखा देते हैं।

# दो साल बाद फायदे में शराब कंपनियां, दर्ज की 2012 के बाद की सबसे बड़ी ग्रोथ



मुंबई (आरएनएस)। देश में शराब की बिक्री पिछले साल दोहरे अंकों में बढ़ी। यह 2012 के बाद सबसे तेज ग्रोथ है। 2018 से पहले लगातार दो साल देश में शराब की बिक्री में गिरावट आई थी। हाइवे के आसपास बिक्री पर लगी पाबंदी का असर घटने और कुछ राज्यों में डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में बदलाव के कारण बिक्री दोहरे अंकों में बढ़ी है।

इंडस्ट्री एग्जिक्यूटिव्स ने एक्साइज डिपार्टमेंट के डेटा के हवाले से बताया है कि विस्की, ब्रैंडी, रम और वॉदका सहित सभी अहम सेगमेंट्स में डिमांड बढ़ने से पिछले साल इंडियन मेड फॉरेन लिकर (आईएमएफएल) का सेल्स वॉल्यूम 10 प्रतिशत बढ़कर 35.90 करोड़ केस (डिब्बे) हो गया। एक केस में एक लीटर शराब की 12 बोतलें होती हैं।

शराब की बिक्री के हिसाब से 2017 लगभग एक दशक में सबसे खराब साल रहा था। उस साल सेल्स 3 प्रतिशत घटकर 32.8 करोड़ केस रह गई थी। देश में 2001-10 तक शराब की सेल्स ग्रोथ 12 प्रतिशत सीएजीआर से ज्यादा रही थी। देश के शराब बाजार में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी रॉयल स्टैग, मैकडॉवेल और ऑफिसर्स चॉइस जैसे आई एम एफ एल ब्रांड्स की है।

देश की सबसे बड़ी शराब कंपनी यूनाइटेड स्पिरिट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद कृपालु ने दिसंबर क्वॉर्टर के रिजल्ट्स के ऐलान के लिए आयोजित इनवेस्टर कॉल के दौरान कहा, इंडस्ट्री की ग्रोथ बेहतर रही है। कुछ रेगुलेटरी इश्यू और इनकम पर बने दबाव के चलते प्रॉफिट थोड़ा कम रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में स्टेट और नैशनल हाइवे के आसपास शराब की बिक्री पर रोक लगा दी थी।

# पीएनबी ने किया 7200 करोड़ रुपये का प्रावधान

### नीरव मोदी घोटाला





नई दिल्ली (आरएनएस)। नीरव मोदी घोटाले की भरपाई के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के दूसरे बड़े बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 7200 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया है। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सुनील मेहता ने मंगलवार को यहां तिमाही वित्तीय लेखाजोखा पेश करने के दौरान संवाददाताओं से कहा कि इस एक मामले के लिए चालू वित्त वर्ष की तीन तिमाहियों में पूरा प्रावधान कर दिया गया है। बैंक ने अपनी ओर से इसकी भरपाई कर दी है।

उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में आरोपियों की संपत्ति जब्त की है जो एक कानूनी प्रक्रिया में है। जब यह प्रक्रिया पूरी होगी तब इस संबंध में बैंक का राशि मिलेगी और इस संबंध में अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

बैंक का तिमाही दर तिमाही प्रावधान 38.4 प्रतिशत घटकर कर दिसंबर में समाप्त तिमाही में 2753 करोड़ रुपये पर आ गया जिसमें से 2014 करोड़ रुपये नीरव मोदी घोटाले के लिए है। नीरव मोदी घोटाले की राशि बढ़कर 14357 करोड़ रुपये पर पहुंच चुकी है।

शराब उद्यमी विजय माल्या के प्रत्यर्पण को ब्रिटेन में मंजूरी मिलने से उनको भारत लाने के बारे में पूछे जाने पर मेहता ने कहा कि वैधानिक प्रक्रिया के जरिये ऋणदाता अपनी राशि वसूली करेंगे। उल्लेखनीय है कि माल्या की विमानन कंपनी किंगफिशर एयरलाइंस पर देश के विभिन्न बैंकों का 9000 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। माल्या पर बैकों से लिये गये कर्ज को विदेशों में निवेश करने का आरोप है। माल्या को आर्थिक भगौड़ा घोषित किया जा चुका है।

# बिजली की दरें घटाने का गेमचेंजर प्लान तैयार, हो सकती हैं हजारों करोड़ की बचत



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में पावर टैरिफ कम करने और एफिशिएंट प्लांट्स को बढ़ावा देने के लिए सारी बिजली स्पॉट मार्केट से बेचने का प्रपोजल है। इससे कम टैरिफ वाले पावर प्लांट्स राज्यों के साथ पावर परचेज कॉन्ट्रैक्ट नहीं होने पर भविष्य में स्ट्रेस्ड एसेट्स कैटिगरी में नहीं आएंगे। एसोसिएशन ऑफ पावर प्रड्यूसर्स ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। इसके डायरेक्टर जनरल अशोक खुराना का कहना है कि प्रपोजल को लागू करने के लिए ऑपरेशनल और अन्य मुद्दों पर विचार करना होगा।

सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (सीईआरसी) की ओर से दिए गए इस प्रपोजल से राज्यों की इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को करोड़ों रुपये की बचत होने की उम्मीद है। सीईआरसी का अनुमान है कि इस सिस्टम से पिछले वर्ष पांच राज्यों की पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को लगभग 6,000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती थी। यूरोप और अमेरिका के कई हिस्सों में इस तरीके से बिजली बेची जाती है।

सीईआरसी ने इस प्रपोजल पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। इसमें देश में पैदा होने वाली बिजली को पूल किया जाएगा। इसमें राज्यों की पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के साथ पावर सप्लाइ अग्रीमेंट साइन करने वाले प्लांट्स से इलेक्ट्रिसिटी भी शामिल होगी। खरीदार और बेचने वाले अपनी बोली सौंपेंगे।

# स्पाइसजेट ने शुरू की चार दिन की सेल, किराया 899 रुपये से




नई दिल्ली। गुरुग्राम किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार से चार दिन की सेल शुरू की है जिसके तहत घरेलू मार्ग पर सभी करों तथा शुल्कों समेत किराया 899 रुपये से प्रारंभ होगा। कंपनी ने आज बताया कि इस ऑफर के तहत जम्मू-श्रीनगर, चेन्नई-बेंगलुरु, कोच्चि- बेंगलुरु और हुबली-बेंगलुरु मार्गों पर किराया 899 रुपये से शुरू होगा। उसने दावा किया कि यह किराया 1.75 रुपये प्रति किलोमीटर है जो रेल या बस के औसत किराये से भी कम है। इस सेल के तहत 25 सितम्बर तक की यात्रा के लिए टिकट बुक कराये जा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्गों में कोलकाता से ढाका और मदुरै से दुबई का किराया सभी करों एवं शुल्कों समेत 3,699 रुपये रखा गया है। कंपनी का दावा है कि यह 2.5 रुपये प्रति किलोमीटर है। इस ऑफर के तहत सीटें सीमित हैं तथा 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर उपलब्ध हैं। इसे किसी अन्य ऑफर के साथ जोड़ा नहीं जा सकता तथा सामूहिक बुकिंग पर यह मान्य नहीं होगा। यह सेल सिर्फ से नॉन-स्टॉप उड़ानों की टिकटों के लिए है।

# विराट को शास्त्री ने बताया 'बेहद खास', इन 2 महान खिलाड़ियों से की तुलना



नई दिल्ली। विराट कोहली को निर्विवाद रूप से इस समय विश्व क्रिकेट का शहंशाह माना जा सकता है. टीम इंडिया के कप्तान इस समय अपनी लगभग हर पारी में कोई न कोई रिकॉर्ड बना रहे हैं. इस बार आईसीसी अवाड्र्स में भी उनकी धूम रही. इन अवाड्र्स में आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए सर गैरी सोबर्स ट्रॉफी जीतने के अलावा उन्होंने आईसीसी टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर और आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का भी पुरस्कार जीतकर इतिहास रचा.

ये तीनों अवार्ड एक साथ अपने नाम करने वाले विराट दुनिया के इकलौते क्रिकेटर हैं.

# नल से टपकते पानी से भी आती हैं घर में कंगाली



वास्तु का हमारी जिंदगी में अहम योगदान रहता है। और कभी भी छोटी मोटी बातों को इग्नोर न करे क्योकि घर में होने वाली छोटी-छोटी घटनाओं में कई संकेत छिपे होते हैं। गरीबी के कुछ संकेत होते हैं जिसे जानना जरुरी है। वास्तु शास्त्र में पानी की बर्बादी को गरीबी का कारण बताया गया है और ये भी कहा गया है कि जिस घर में पानी के गलत उपयोग होता है, वहां माता लक्ष्मी निवास नहीं करती हैं।

वास्तु शास्त्र के अनुसार जिस घर में लगे नलों से अक्सर पानी टपकता रहता हो और सीलन रहती है वहां पर हमेशा धन का अभाव रहता है। शास्त्रों के अनुसार नल से लगातार पानी के टपकने की आवाज से घर पर नकारात्मक असर पड़ता है। धन की बर्बादी को रोकने के लिए समय पर नलों को तुरंत ठीक करवां लें।

कई लोगों को रात में नहाने की आदत होती है लेकिन शास्त्रों में रात में नहाने को वर्जित माना गया है। जो व्यक्ति रात में स्नान करता है उसके घर में हमेशा धन का अभाव रहता है।

आजकल लोग अपने घरों में नकली सजावटी फूलों को रखते हैं जिसे वास्तु में इसे अच्छा नहीं माना जाता है। घर में सजावट के लिए नकली फूलों की जगह असली फूलों को रखना चाहिए।

जब बार-बार घर में बिजली के सामान खराब होने लगे तो समझिए आपके ऊपर राहु ग्रह की छाया है। इसलिए जल्द से जल्द खराब हो चुके बिजली के उपकरण को ठीक करा लें, नहीं तो घर में नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती जाती है।

# पहले टी-20 में न्यूजीलैंड ने दी मात



वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज लिया ताहूहू ने चार ओवरों में तीन विकेट लेकर भारतीय शीर्षक्रम की नींव हिला दी. स्मृति मंधाना ने एक छोर संभालकर रिकॉर्डतोड़ अर्धशतक जमाया, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को पहले टी-20 मैच में भारतीय महिला टीम को 23 रनों से पराजय से नहीं बचा सकीं. मंधाना ने किसी भारतीय के सबसे तेज अर्धशतक का अपना ही रिकॉर्ड एक गेंद से बेहतर किया. उन्होंने वेस्टपैक स्टेडियम पर 34 गेंदों की मदद से 58 रन बनाए, लेकिन अर्धशतक सिर्फ 24 गेंद में पूरा कर लिया था. न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज लिया ताहूहू ने चार ओवरों में तीन विकेट लेकर भारतीय शीर्षक्रम की नींव हिला दी. भारतीय टीम जीत के लिए 160 रनों के लक्ष्य के जवाब में 19.1 ओवरों में 136 रन पर आउट हो गई.

लेग स्पिनर अमेलिया केर ने 28 रन देकर मंधाना और हरमनप्रीत कौर के महत्वपूर्ण विकेट लिय. ऑफ स्पिनर ले कास्पेरेक को भी दो विकेट मिले.

# हार्दिक पंड्या, लोकेश राहुल और करण जौहर के खिलाफ जोधपुर में केस दर्ज

जयपुर। पिछले साल दिसंबर में एक TV शो के



दौरान की गई टिप्पणियों को लेकर क्रिकेटरों हार्दिक पंड्या व लोकेश राहुल तथा फिल्मकार करण जौहर के खिलाफ जोधपुर में केस दर्ज किया गया है।

# विलियम्सन ने बताया, टी20 सीरीज में इस तरह से करेंगे वे वर्ल्डकप की तैयारी

नेपियर। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने मंगलवार को बताया कि उनकी टीम बेंच स्ट्रेंथ को परख रही है. उन्होंने कहा कि वे बुधवार से शुरू हो रही टी20 सीरीज में भारत जैसी 'शीर्ष' टीम के खिलाफ उभरते हुए खिलाड़ियो को परखने को लेकर रोमांचित हैं. विलियम्सन का यह बयान न्यूजीलैंड टीम की वर्ल्ड कप की तैयारियों के मद्देनजर देखा जा रहा है जो कि इस साल मई में इंग्लैंड में शुरु हो रहा है.

# आज का राशिफल

मेषः राशि स्वामी मंगल मीन राशि पर आ चुका है। चंद्रमा आज एकादश भाव में होने से गृह उपयोगी वस्तुओं को खरीदेंगे। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें।

वृषभः राशि का स्वामी शुक्र अष्टम भाव में शनि के साथ अष्टम आयु चिंता भाव में होने से जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनैतिक सहयोग मिलेगा।

मिथुनः आज राशि से नवम भाव में चंद्रमा मन में संतोष का बनाएगा। षष्ठम भाव में गुरु से व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

कर्कः आज राशि स्वामी चंद्र अष्टम भाव में कोष वृद्धि का संकेत है। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परीक्षा की दिशा में किया गया श्रम सार्थक होगा। विरोधी परास्त होंगे।

सिंहः सप्तम भाव का चंद्रमा और द्वादश घर में कर्क राशि का राहू आज प्रभाव प्रताप को बढ़ाने वाला है, रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी।

कन्याः षष्ठम भाव में चंद्रमा शुभ व्यय, कीर्ति का वृद्धिकारक है। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। अनावश्यक खर्च हो सकते हैं। विरोधी परास्त होंगे। रोजगार में सफलता मिलेगी।

तुलाः राशि स्वामी शु गुरु के घर का होकर तृतीय भाव में और पंचम घर में चंद्रमा के प्रभाव से राजनैतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिकः राशि स्वामी सोम के मीन राशि पर होने और चतुर्थ सुख भाव में चंद्रमा होने से पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा।

धनुः देवगुरु वृश्चिक राशि पर और चंद्रमा तृतीय त्रिकोण स्थान में चल रहे हैं अतः आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी।

मकरः आपकी राशि से सप्तम राहू और राशि का स्वामी शनि के बारहवें घर में होने के कारण व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। विरोधी परास्त होंगे।

कुंभः आज प्रथम लग्न भाव में कुंभ राशि का चन्द्रमा होने के फलस्वरूप बेरोजगार व्यक्ति यों को रोजगार मिलने की संभावना है।

मीनः राशि स्वामी बृहस्पति नवम भाग्य भाव में राज्य मान-प्रतिष्ठा वृद्धि कारक है। रोजगार के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनैतिक सहयोग मिलेगा।

# मूंग दाल नमकीन बनाने की विधि



सभी लोगो को नमकीन खाना पसंद है। इसे घर पर आसानी से स्वादिष्ट नमकीन बनाई जा सकती है। आज जानते है घर पर मूंग दाल की नमकीन बनाने की विधि के बारे में

सामग्री-

1 बड़ा चम्मच तेल
250 ग्राम मूंग की दाल
चाट मसाला स्वादानुसार
नमक स्वादानुसार


विधि-

सबसे पहले मूंग की दाल को पानी में चार पांच घंटों के लिए भिगो दे। इससे मूंग दाल अच्छे से भीग व फूल जाएगी। इसके बाद दाल का अतिरिक्त पानी निकाल लें। अब इसे एक कॉटन के कपड़े में डालकर अच्छे से फैलाएं। इसे एक घंटे के लिए दाल अच्छी तरह से सुखाए। इसके बाद एक कड़ाही में तेल डालकर गर्म करें और फिर स्टेनर में दाल डालें। और इसे डीप फ्राई करें। आप इसे बीच में स्पेचूला की मदद से चलाते भी रहें। इसके बाद दाल को टिश्यू पेपर पर निकालें ताकि उसका अतिरिक्त ऑयल टिश्यू पेपर अब्जॉर्ब कर सके।अब दाल को एक बाउल में डालें और फिर इसमें अपने स्वादानुसार चाट मसाला और नमक डालकर मिक्स करें। यह आपकी मूंग दाल की नमकीन बनकर तैयार है। इसे सब के साथ सर्व करे।

# शब्द सामर्थ्य- 70

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

# सू-दोकू-70

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |